प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 30.10.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. गन्ना मूल्य बढ़ोत्तरी के निर्णय से उत्साहित किसानों ने आज लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का किया अभिनन्दन : मुख्यमंत्री ने किसानों से संवाद में कहा– खेती और किसानों का हित सरकार का मुख्य एजेंडा।
2. कुशीनगर में चार दिवसीय स्पेस मॉडल रॉकेट्री इंडिया कैनसेट स्टूडेंट्स प्रतियोगिता का आज हुआ समापन : भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने विजेता टीम को पुरस्कृत कर छात्र–छात्राओं का किया उत्साहवर्धन।
3. लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर कल प्रदेशभर में रन फॉर यूनिटी का होगा आयोजन : शैक्षणिक संस्थानों मं आयोजित की जायेंगी विविध प्रतियोगिताएं। और
4. अयोध्या में 14 कोसी परिक्रमा के लिये श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़ : 42 किलोमीटर परिक्रमा मार्ग पर प्रशासन ने किये हैं विशेष इंतजाम।

————————

पेराई सत्र 2025–26 के लिये गन्ना मूल्य बढ़ोत्तरी के ऐतिहासिक निर्णय से उत्साहित प्रदेश के गन्ना किसानों ने आज लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री ने किसाना से संवाद करते हुए कहा कि

वर्ष 2014 में केन्द्र में मोदी सरकार बनने के बाद पहली बार खेती और किसानों का हित सरकारों के एजेंडे में आया है। बाइट.....

*यह हमारा सौभाग्य है कि पिछले 11 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत का अन्नदाता किसान खुशहाली की एक नई राह चला है। किसान भी किसी सरकार के एजेंडे का हिस्सा बन सकता है और ईमानदारी से उसको ध्यान में रख कर के शासन की योजनाएं बनेंगी। यह मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रारंभ हो पाया।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से अब तक साढ़े आठ वर्षो में हमारी सरकार ने लगभग दो लाख 90 हजार करोड़ रुपये से अधिक का रिकार्ड गन्ना मूल्य का भुगतान किया है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट गन्ना किसान प्रणाली से गन्ना पर्ची व्यवस्था पूरी तरह ऑनलाइन हुई है और बिचौलियों का राज खत्म हुआ है।

अभिनदन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए किसानों ने कहा कि योगी सरकार ने गन्ना मूल्य बढ़ाकर किसानों को तोहफा दिया है।

——————————

केंद्रीय युवा कौशल विकास राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने आज बस्ती में मोडिया से बात करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने गन्ने का मूल्य 30 रुपए प्रति कुंतल बढ़ाकर किसानों के हित में एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से प्रदेश के गन्ना किसान खुश

है। श्री चौधरी ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार किसानों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक में आगरा में बन रहे छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संग्रहालय भारत के स्वाभिमान, सांस्कृतिक वैभव और वीरता क प्रेरणास्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। एक रिपोर्ट.....

*मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक के दौरान संग्रहालय के भवन का निर्माण कार्य जनवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संग्रहालय केवल इतिहास का स्थिर प्रदर्शन नहीं, बल्कि एक जीवंत अनुभव होना चाहिए, जहां आने वाले दर्शनार्थी भारत की गौरवगाथा को महसूस कर सकें। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने लखनऊ में प्रस्तावित नौसेना शौर्य संग्रहालय की प्रस्तुति का भी अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संग्रहालय के केवल देखने योग्य नहीं, बल्कि इस तरह बनाये जाये, जहां दर्शक इतिहास को महसूस कर सके। उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय भारतीय नौसेना के अद्म शौर्य गाथाओं का जीवंत प्रतीक बनेगा। समाचार कक्ष से सुषमा कुकरेती।*

——————————

कुशीनगर के तमकुहीराज क्षेत्र के नारायणी नदी के किनारे चल रहो चार दिवसीय स्पेस मॉडल रॉकेट्री–कैनेसेट इंडिया स्टूडेंट्स प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में मुम्बई की टीम विजेता रही, जबकि गुजरात के द्वारिका की टीम उप विजेता बनी। प्रतियोगिता मे कुल

70 टीमों ने प्रतिभाग किया। समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि मिशन गगनयान के सदस्य और भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और इन स्पेस के चेयरमैन डॉ0 पवन गोयनका ने प्रतियोगिता में विजेता टीम को पुरस्कृत किया। वहीं विभिन्न संस्थानों से आये छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

——————————

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर कल प्रदेशभर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जायेगा। प्रदेश के पुलिस महानिरीक्षक कानून एवं व्यवस्था एल आर कुमार ने आज लखनऊ में एक प्रेसवार्ता में बताया कि प्रदेश में सभी कमिश्नरेट, जनपद मुख्यालयों और उनके थानों पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। यह कार्यक्रम थानों के प्रमुख चौराहों या लैंड मार्क से शुरू होंगे। रेस की अवधि सुबह 7 से 10 बजे के बीच 30 मिनट की होगी। रेस मार्ग पर यातायात और सुरक्षा व्यवस्था के लिये पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। बाइट.....

*कार्यक्रम के दृष्टिकोण प्रदेश में सभी कमिश्नर जनपदों के मुख्यालय एवं उनके तानों पर रन फॉर यूनिटी रेस का कार्यक्रम आयोजन किया जाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम ताने के प्रमुख चौराहे तथा लैंडमार्क से प्रारंभ होगी। रेस की अवधि प्रातः 7रू00 से 10रू00 के मध्य 30 मिनट का होगा। रेस की लंबाई 1 से 1.5 किमी होगी। जनपद सर पर परीक्षण प्राप्त करें रिक्रूट आरक्षी इस कार्यक्रम में मुख्यालय और ताने स्तर पर प्रतिभा करेंगे।*

भारतीय जनता पार्टी सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती 31 अक्टूबर से 25 नवम्बर तक मनायेगी। 31 अक्टूबर को प्रदेशभर में एकता मार्च निकाला जायेगा। एक से सात नवम्बर के बीच शैक्षणिक संस्थानों में निबंध, भाषण और रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

उपराष्ट्रपति सीपी राधा कृष्णन कल एक दिवसीय दौरे पर वाराणसी आएंगे। वह बाबा काशी विश्वनाथ का दर्शन–पूजन करेंगे। उपराष्ट्रपति सिगरा स्थित नाटकोटाई धर्मशाला का उद्घाटन भी करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे।

————————

उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री ब्रजेश पाठक ने आज गोरखपुर के

सकिट हाउस में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने सेवाओं को सुदृढ़ करने पर जोर दिया और कहा कि अधिकारी दूर–दराज के गांवों के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सुनिश्चित करें।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा 22 सितंबर को कई क्षेत्रों में वस्तु और सेवा कर– जीएसटी दरों में कटौती के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हुई थी। आज, हम बात करेंगे कि कैसे परिधान और जूता क्षेत्र में नई जीएसटी दरों से नागरिकों को सहायता मिल रही है। एक रिपोर्ट.....

*अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों ने परिधान और फुटवियर क्षेत्र को बड़ी राहत प्रदान की है। इन सुधारों का उद्देश्य युवा निर्माताओं पर बोझ कम करना, उत्पादन को अधिक लागत प्रभावी बनाना और यह सुनिश्चित करना है कि गुणवत्तापूर्ण रेडीमेड कपड़े और फुटवियर उपभोक्ताओं के लिए अधिक किफायती हो। नए का ढांचे के तहत रेडीमेड परिधानों पर दो हजार पांच सौ रूपये तक के लिए जीएसटी हटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी प्रकार मानव निर्मित धागों पर कर की दर 12 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत कर दी गई है, इसके अलावा 2500 तक के फुटवियर पर 12 प्रतिशत के बजाय केवल पांच प्रतिशत जीएसटी लग रहा है। इसे स्टाइलिश फुटवियर युवा और मध्यम आय वाले उपभोक्ताओं के लिए अधिक सुलभ हो गए हैं। इशानी और दृष्टि के साथ अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

————————

अयोध्या की ऐतिहासिक 14 कोसी परिक्रमा आज सुबह साढ़े चार बजे से शुरू हो गई है। परिक्रमा के लिये दूर दराज से श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे हैं। 42 किलोमीटर लम्बे परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं को सुरक्षा और सुविधा के लिये प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किये हैं। पेश है एक रिपोर्ट....

*अयोध्या में इस वक्त अक्षय नवमी के पावन अवसर पर आस्था का अद्‌भुत नज़ारा देखने को मिल रहा है। लगातार बारिश के बावजूद चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा हुआ है। कोई सिर पर पन्नी, कोई चादर तो कोई शाल डालकर नंगे पांव कीचड़ भरे रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। रामनगरी की गलियों से लेकर सरयू तट तक हर ओर "जय श्रीराम" के जयघोष गूंज रहे हैं। संतों की टोलियां भजनों से श्रद्धालुओं को ऊर्जा दे रही हैं, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी भक्ति में लीन हैं। प्रशासन बारिश के बीच भी पूरी तरह मुस्तैद है, ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी जारी है। माना जाता है कि अक्षय नवमी पर किया गया पुण्य कभी क्षय नहीं होता, और आज अयोध्या ने दिखा दिया है, जब आस्था जागती है, तो बारिश भी भक्ति के आगे झुक जाती है। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।*

———————————

चक्रवाती मोन्था तूफान के कारण प्रदेश के कई जिलों में रुक–रुक कर बारिश जारी है। लखनऊ सहित प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में आज तज हवा के साथ दिनभर बारिश होने से तापमान में 5 से 6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित होने के साथ–साथ फसलों पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों के लिये प्रयागराज, वाराणसी,

सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली और भदोही सहित 17 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

(समाप्त)